प्रेस नोट संख्या-05

दिनांक 03.07.2024

सराहनीय कार्य जनपद अमेठी

थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा माह जून में पीड़ितों के बैंक खाते से फ्राड कर निकाले गए 8,70,000 रुपयों को कराया गया वापस।

पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा आवेदक 1. अनिल कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी उरवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी के बैंक खाते से साइबर फ्रॉड कर ली गई सम्पूर्ण धनराशि 7,70,000 रुपये व आवेदक 2. लालता प्रसाद सरोज पुत्र बैजनाथ सरोज निवासी शीतलागंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी के बैंक खाते से साइबर फ्रॉड कर लिये 1,00,000 रुपये थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा कार्यवाही कर वापस कराया गया।

घटनाओं का संक्षिप्त विवरण-

प्रकरण 01-

- आवेदक अनिल कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी उरवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी द्वारा शिकायत की गई कि "कुछ दिन पूर्व उनके दोस्त ने उनसे कुछ पैसे उधार मांगे गये थे, तो उन्होने अपना मोबाईल फोन अपने दोस्त को दिया और बोला कि में पढ़ा लिखा नही हूं, और मुझे नहीं पता कि पैसे कैसे भेजे जाते है, कुछ दिन बाद उनके खाते से थोड़े थोड़े कर पैसे निकलते चले गये जब तक उन्हे पता चला तब तक उनके बैंक खाते से 7,70,000 रुपये निकल चुके थे" जिसकी शिकायत पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना में की। थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा त्वरित अभियोग पंजीकृत करते हुये जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि पीड़ित के दोस्त के द्वारा ही पीड़ित से उसका मोबाईल फोन मांग कर थोड़ा-थोड़ा कर समस्त पैसों को अपने जानने वाले लोगों के बैंक खातों में भेजे गये है। जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही कर 7,70,000/- रु० को पीड़ित को वापस दिलाये गये।

प्रकरण 02-

- आवेदक लालता प्रसाद सरोज पुत्र बैजनाथ सरोज निवासी शीतलागंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी द्वारा शिकायत की गई कि वह अपने पैसों को ऑनलाइन माध्यम से किसी व्यक्ति को भेज रहे थे जो गलती से किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चले गये जिनकी शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि समस्त पैसे कर्नाटक के एक खाते में गये हैं जिसमें कार्यवाही करते हुये पीड़ित के सम्पूर्ण 1,00,000 रुपये आवेदक के खाते में वापस कराये गये।

जाँच करने वाली पुलिस टीम –

1. कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
2. निरीक्षक मीरा कुशवाहा साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
3. बलबीर कश्यप CCIT साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
4. रवि कुमार मौर्य CCIT साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
5. सतीश कुमार गुप्ता CCIT साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
6. अजय प्रकाश CCTNS साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
7. विनोद कुमार CCTNS साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।

AMETHI POLICE